Australian Government
Department of Agriculture, Fisheries and Forestry



Image courtesy of Grain Producers Australia

# राष्ट्रीय अवशिष्ट सर्वेक्षण 2023-24

## अनाज

राष्ट्रीय अवशिष्ट सर्वेक्षण (एनआरएस) ऑस्ट्रेलियाई सरकार के कृषि, मत्स्य पालन और वानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित किया जाता है और 1992 से इसे लेवी और प्रत्यक्ष अनुबंधों के माध्यम से उद्योगों द्वारा वित्त-पोषित किया गया है।

एनआरएस ऑस्ट्रेलिया के कीटनाशक और पशु चिकित्सा औषधियों के अवशिष्ट प्रबंधन ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो रासायनिक उपयोग-नियंत्रण संबंधी कानून और दिशानिर्देशों के समर्थन में अच्छी कृषि पद्धति का सत्यापन करता है।

एनआरएस के कार्यक्रम ऑस्ट्रेलियाई खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों और पशु चिकित्सा औषधियों के अवशेषों और दूषित पदार्थों के स्तर और उनसे संबंधित जोखिमों की निगरानी करते हैं। ये कार्यक्रम घरेलू और निर्यात बाज़ारों में नियमित अभिगम को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने में मदद करते हैं। एनआरएस ऑस्ट्रेलिया के ऐसे प्राथमिक उत्पादकों और खाद्य प्रोसेसरों की सहायता करता है, जो ऑस्ट्रेलियाई और संबंधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पशु, अनाज और बागवानी के गुणवत्ता युक्त उत्पाद प्रदान करते हैं।

### अनाज कार्यक्रम अवलोकन

1993 में इसके शुरू करने के बाद से एनआरएस अनाज कार्यक्रम अनाज पर वैधानिक लेवी के एनआरएस घटक द्वारा वित्त-पोषित है। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार के कीटनाशकों और पर्यावरण संबंधी प्रदूषकों के लिए ऑस्ट्रेलियाई निर्यात और घरेलू कारोबार वाले अनाज का नमूनाकरण और परीक्षण किए जाते हैं। प्रतिनिधि नमूने निर्यात आउट-टर्न और घरेलू प्राप्ति पर एकत्र किए जाते हैं।

इस कार्यक्रम में अनाज के दाने (जौ, मक्का, जई, ज्वार, ट्रिटीकेल, गेहूं, ड्यूरम गेंहू, बाजरा, राई), दालें (अडजुकी बीन, चना, लोबिया, सेम फली, खेत मटर, मसूर, ल्यूपिन, मूंग बीन, नेवी बीन, पीजियन मटर, सोयाबीन और वेच) और तिलहन (कैनोला, अलसी, कुसुम, सूरजमुखी) शामिल हैं।  पिसे हुए अनाज कार्यक्रम में गेहूं, ड्यूरम गेंहू, सोयाबीन, राई और मक्का के दले हुए अंश शामिल किए जाते हैं।

## प्रमुख तथ्य

- 2023–2024 में, ऑस्ट्रेलियाई मानकों का समग्र अनुपालन 99.13% था।
- ऑस्ट्रेलियाई अनाज उत्पादक और हैंडलर बड़ी मात्रा में अच्छी कृषि पद्धति का निरंतर उपयोग दर्शा रहे हैं।
- राष्ट्रीय अवशिष्ट सर्वेक्षण आईएसओ ISO 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए (QMS) प्रमाणित है।

## नमूना संग्रह

थोक निर्यात टर्मिनलों, कंटेनर निर्यात पैकर्स, तिलहन कोल्हू, चारा मिलों, आटा मिलों, फीडलॉट्स और फूड प्रोसेसरों से प्रति वर्ष औसतन 6000 अनाज के नमूने एकत्रित किए जाते हैं। एकत्रित किए गए नमूनों की संख्या ऑस्ट्रेलियाई उत्पादन स्तर और निर्यात बाज़ारों द्वारा प्रभावित होती है। 2023-24 में एकत्रित नमूनों का प्रति फसल समूह और नमूना कार्यक्रम विश्लेषण तालिका 1 में दिया गया है। अनाज के नमूनों को एकत्रित करने के बाद, उन्हें विश्लेषण के लिए अनुबंध प्रयोगशाला में भेजा जाता है।

सभी नमूना आंकड़ों को एनआरएस आंकड़ा प्रबंधन प्रणाली में दर्ज किया जाता है और अवशिष्ट परीक्षण परिणाम रिपोर्ट स्वचालित रूप से कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए उत्पन्न हो जाती हैं।

## विश्लेषणात्मक स्क्रीन

विश्लेषणात्मक स्क्रीनों को उद्योग के साथ परामर्श करके विकसित किया जाता है और इनमें ऑस्ट्रेलिया में पंजीकृत रसायनों, रासायनिक अवशिष्ट प्रोफ़ाइलों और विदेशी बाज़ारों की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है।

अनाज नमूनों की जांच अनेक प्रकार के कीटनाशकों, खर-पतवारनाशकों, कवकनाशकों और पर्यावरण संबंधी प्रदूषकों के संदर्भ में की जाती है, जैसा कि तालिका 2 में दिखाया गया है।

## परिणाम

2023-24 में, विश्लेषण के लिए कुल 6,835 नमूने एकत्रित किए गए थे।  परिणामों की तुलना ऑस्ट्रेलियाई मानकों से और निर्यात के नमूनों की तुलना प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ की गई थी।

पिछले 5 वर्षों में थोक निर्यात, कंटेनर निर्यात और घरेलू व्यापार कार्यक्रम से सम्बंधित ऑस्ट्रेलियाई अधिकतम अवशिष्ट सीमा (MRL) मानकों के साथ अनाज अनुपालन दर का सारांश तालिका 3 में दिया गया है। परिणाम ऑस्ट्रेलियाई मानकों के साथ उत्कृष्ट अनुपालन को उजागर करते हैं और अच्छी कृषि पद्धतियों के लिए अनाज उद्योग की सुदृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। लगातार उच्च अनुपालन दर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाज़ारों में ऑस्ट्रेलियाई अनाज की प्रतिष्ठा और अखंडता को बनाए रखने में मदद करती है।





Images courtesy of Grain Producers Australia

अनाज कार्यक्रम के 2023-24 वित्तीय वर्ष के सारांश का डेटासेट विभाग की वेबसाइट agriculture.gov.au/nrs-results-publications पर दिया गया है।

**तालिका 1** 2023-24 में प्रति फसल समूह और कार्यक्रम में एकत्रित अनाज के नमूनों का सारांश

| फसल समूह | थोक निर्यात कार्यक्रम | कंटेनर निर्यात कार्यक्रम | घरेलू व्यापार कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| अनाज | 3,329 | 1,036 | 649 |
| तिलहन | 689 | 30 | 150 |
| दालें | 206 | 711 | 27 |
| योग | 4,224 | 1,781 | 830 |

**तालिका 2.** अनाज कार्यक्रम के लिए विश्लेषणात्मक स्क्रीन

| विश्लेषणात्मक स्क्रीन | रासायनिक समूह | विश्लेष्य पदार्थ |
|---|---|---|
| बहु-अवशिष्ट कीटनाशक स्क्रीन | कीटनाशक | 90 से ज़्यादा विश्लेष्य पदार्थ, जिनमें एसेफेट, एबामेक्टिन, बिफेंथ्रिन, डायजीनॉन, मैलाथियोन, पाइरेथ्रिन और स्पिनोसाड शामिल हैं |
| | कवकनाशक | 60 से ज़्यादा विश्लेष्य पदार्थ, जिनमें एज़ोक्सिस्ट्रोबिन, बोस्केल्ड, कैप्टान, आइप्रोडायोन, फ्लूडिओक्सोनिल और प्रोपिकोनाज़ोल शामिल हैं |
| | खर-पतवारनाशक | 90 से ज़्यादा  विश्लेष्य पदार्थ, जिनमें एट्राज़ीन, ब्रोमैसिल, क्लोपायरलिड, आइसोक्साबेन, नॉरफ़्लुरेज़ॉन और सिमाज़ीन शामिल हैं |
| | ओर्गेनोक्लोरीन्स | एल्ड्रिन और डाइएल्ड्रिन, क्लोर्डेन, डीडीटी, एंडोसल्फान, एंड्रिन, एचसीबी, हेप्टाक्लोर, लिंडेन (गामा एचसीएच) और मिरेक्स |
| विशिष्ट खर-पतवारनाशक | खर-पतवारनाशक | एमिट्रोल, क्लोरमेक्वेट, डाइक्लोरप्रॉप-पी, डाइक्लोफोप-मेथिल, डाइक्वैट, फेनोक्साप्रॉप-एथिल, फ्लेमप्रॉप-एममेथिल, फ्लुआज़िफोप- पी-ब्यूटिल, ग्लूफोसिनेट, ग्लाइफोसेट, हेलोक्सीफॉप, पैराक्वैट, क्विज़ालोफॉप एथिल और क्विज़ालोफॉप- पी-टेफ्युरिल |
| इमिडाज़ोलिनोन खर-पतवारनाशक | खर-पतवारनाशक | इमाजामॉक्स, इमाजापिक, इमाजापीर, इमाजाक्विन, इमाजेथापीर |

**तालिका 3.** ऑस्ट्रेलियाई मानकों के सापेक्ष पिछले 5 वर्षों की अनुपालन दरें

| वर्ष | थोक निर्यात कार्यक्रम | | कंटेनर निर्यात कार्यक्रम | | घरेलू व्यापार कार्यक्रम | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | एकत्र किए गए नमूने | अनुपालन दर (%) | एकत्र किए गए नमूने | अनुपालन दर (%) | एकत्र किए गए नमूने | अनुपालन दर (%) |
| 2019-20 | 2, 211 | 99.7 | 1,130 | 99.3 | 890 | 97.7 |
| 2020-21 | 3,256 | 99.9 | 1,313 | 99.1 | 876 | 98.9 |
| 2021-22 | 4,156 | 99.9 | 1,581 | 98.9 | 832 | 99.4 |
| 2022-23 | 5,032 | 99.5 | 1,167 | 96.3 | 825 | 98.6 |
| 2023-24 | 4,224 | 99.7 | 1,781 | 98.7 | 830 | 99.0 |

## प्रयोगशाला चयन और प्रदर्शन

एनआरएस कीटनाशक/पशु चिकित्सा दवा के अवशेषों और पर्यावरण संबंधी प्रदूषकों के लिए पशु और पौधे उत्पादों के नमूनों का विश्लेषण करने हेतु प्रयोगशालाओं को अनुबंधित करता है।

प्रयोगशालाओं का चयन ऑस्ट्रेलियाई सरकार की खरीद प्रक्रिया के माध्यम से उनकी प्रवीणता और किफ़ायत के आधार पर किया जाता है। प्रयोगशालाओं को परीक्षण के प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ/आईईसी 17025 से मान्यता प्राप्त होना चाहिए।

अनुबंधित प्रयोगशालाओं के विश्लेषणात्मक परिणामों और तकनीकी क्षमता की वैधता सुनिश्चित करने के लिए एनआरएस द्वारा उनकी प्रवीणता का परीक्षण किया जाता है।

एनआरएस को जुलाई 2005 से नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ टेस्टिंग अथॉरिटीज़ द्वारा प्रवीणता परीक्षण प्रदाता के रूप में मान्यता दी गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय निर्यात बाज़ार

ऑस्ट्रेलिया के लिए और एनआरएस द्वारा समर्थित उद्योगों के प्रमुख निर्यात बाज़ारों पर लागू होने वाली अधिकतम अवशिष्ट सीमा (MRL) की जानकारी एनआरएस कायम रखता है। सभी विश्लेषण परिणामों को ऑस्ट्रेलियाई मानकों और प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय एमआरएल के अनुपालन के लिए जाँचा जाता है।

ऑस्ट्रेलियाई एमआरएल मानक के लिए, legislation.gov.au/F2023L01350/latest/versions देखें।

कुछ अंतरराष्ट्रीय निर्यात बाज़ारों के लिए एमआरएल आवश्यकताओं हेतु agriculture.gov.au/nrs-databases पर उपलब्ध लिंक देखें।



Image courtesy of Grain Producers Australia

Grain Growers GRAIN TRADE AUSTRALIA GRAINS AUSTRALIA GPA Grain Producers Australia ISO 9001 2015 CERTIFIED

**सामान्य पूछताछ**

फ़ोन 1800 900 090

**डाक पता**

National Residue Survey
GPO Box 858, Canberra ACT 2601 Australia

agriculture.gov.au/nrs

ईमेल nrsplant@aff.gov.au

© ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रमंडल, 2024.

यह प्रकाशन एक क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस के तहत ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल द्वारा लाइसेंस प्राप्त है।

AGR001.0124